महत्वपूर्ण एवं खास

टेबल टेनिस में असम-राजस्थान की टीमों ने हासिल की जीत

एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान के तहत असम और राजस्थान की टीमों ने अजमेर में खेले गए गए टेबल टेनिस मुकाबलों में जीत हासिल की है। राजस्थान-असम की पुरुष टीम ने झारखंड को 3-0 से हराया।शंकब ने श्रेष्ठ कुमार को 11-3, 11-3, 11-4 से, बर्डी बोरो ने शिवाजी रॉय को 11-6, 11-9, 11-8 से और अनुक्रम जैन ने सुभाष को 11-6, 11-4, 12-10 से हराया। महिला टीम ने भी झारखंड को ही 3-0 से हराया।दूसरी तरफ किंग बॉक्सिंग में असम के खिलाडियों का जलवा बरकरार है। राज्य के 2 किक बॉक्सरों को एशियन किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। इन दोनों का चयन नेशनल किक बॉक्सिंग फेडरेशन एनजी (वाको इंडिया) द्वारा किया गया ।बता दें कि यह प्रतियोगिता 5 से 12 मई तक किर्गिस्तान में होगी। असम किक बॉक्सिंग एसोसिएशन (एकेए) की ओर से जारी एक प्रेस रिलीज के अनुसार इन दोनों खिला?ियों का चयन तेलंगाना (हैदराबाद) में आयोजित ऑल इंडिया किक बॉक्सिंग कॉम्पिटिशन के दौरान किया गया था। असम के शत्रुजीत ने इस प्रतियोगिता में 75 किग्रा और राजू सूत्रधार ने 57 किग्रा के प्वाइंट फाइटिंग को पूरा कर शानदार प्रदर्शन किया। एकेए ने इन दोनों खिलाडियों को बधाई दी है।

नीरव मोदी के खिलाफ अमेरिकी अदालत में पहुंची मोदी सरकार

Image Credit by: Google

सरकार ने पंजाब नेशनल बैंक के हितों की रक्षा करने के लिए अमेरिका में नीरव मोदी की कंपनियों की दिवाला प्रक्रिया में हस्तक्षेप किया है. केंद्रीय मंत्री पीपी चौधरी ने करीब 13 हजार करोड़ रुपये के घोटाले से निपटने के लिए विभिन्न एजेंसियों द्वारा किये जा प्रयासों के बीच यह जानकारी दी है.

चौधरी ने कहा कि नीरव मोदी की कुछ कंपनियों ने अमेरिका में दिवाला प्रक्रिया के लिए आवेदन किया है. इससे पंजाब नेशनल बैंक के हित प्रभावित होंगे.उन्होंने कहा, ''चूंकि पंजाब नेशनल बैंक के साथ धोखाधड़ी करने के मामले में फायरस्टार डायमंड समेत नीरव मोदी की अन्य कंपनियों के खिलाफ देश में अभी जांच चल ही रही है, इन कंपनियों द्वारा अमेरिका दिवाला के लिए आवेदन करने से बैंक के हित प्रभावित होंगे.चौधरी ने कहा, ''हमने अपने हितों की रक्षा के लिए अमेरिका में दिवाला प्रक्रिया में हस्तक्षेप किया है

सेबी कर सकता है आईसीआईसीआई ऋण मामले की स्वतंत्र जांच

बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) आईसीआईसीआई बैंक के पिछले कुछ साल के वित्तीय खुलासों एवं बयानों की फोरेंसिक जांच कराने पर विचार कर रहा है। यह बैंक की मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंदा कोचर और उनके पति का एक ऋण मामले में हितों के टकराव से संबंद्ध विवादों के बीच हो रहा है। सेबी के शीर्ष अधिकारियों के अनुसार नियामकीय आधिकार क्षेत्र से बचने के लिए पूंजी बाजार विनियामक इस विषय में भारतीय रिजर्व बैंक से भी सलाह लेगा। इस स्वतंत्र जांच में बैंक द्वारा पिछले कुछ सालों में किये गये खुलासों तथा वीडियोकॉन समूह को दिये गये विवादित ऋण के मामले में शेयर बाजारों द्वारा स्पष्टीकरण मांगे जाने पर दिये गये जवाबों पर ध्यान दिया जाएगा। आईसीआईसीआई बैंक ने वीडियोकान समूह को कुछ बैंकों के साथ मिल कर कर्ज दिया था। अधिकारियों ने कहा कि इस जांच में उन खुलासों को भी शामिल किया जाएगा जो बैंक ने 2009 में चंदा कोचर के पहली बार सीईओ एवं एमडी नियुक्त किये जाने के समय किया था।यदि जरूरत हुई तो सेबी कथित हितों के टकराव का परीक्षण करने के लिए चंदा कोचर सहित बैंक के शीर्ष अधिकारियों के कारोबारी सौदों से संबंधित जानकारियां भी मांग सकता है। रिजर्व बैंक ने आईसीआईसीआई बैंक और वीडियोकान के बीच रिण के सौदे के मामले में मिली शिकायतों की जांच 2016 में एक जाचंकी थी। उस समय उसे इस सौदे में किसी प्रकार के लेन देन का मामला नहीं दिखा था ।

फ्लाइट की टिकट मिलेगी महंगी सीट सेलेक्शन पर फीस लगेगी

गर्मी की छुट्टियों से पहले अगर परिवार के साथ बाहर जाने का प्लान बना रहे हैं तो बजट थोड़ा बढ़ा लें, क्योंकि एयरलाइन अब आपसे टिकट बुकिंग के समय सीट बुक कराने के नाम पर फीस चार्ज करेगी। पहले सिर्फ फ्रंट सीट के लिए फीस लगती थी। इसकी शुरुआत एयर इंडिया ने की है, जिसमें लगभग हर पंक्ति की सीट के लिए फीस लेगी। मसलन, विंडो या एसल सीट चाहिए तो फीस चुकाकर उसे बुक किया जा सकता है और एयरलाइन आपको मनपसंद सीट दे देगी। सीट सेलेक?शन का ऑप्शन घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों उड़ानों के लिए है। अलग-अलग रूट पर फीस भी अलग रखी गई है। अभी तक रेलवे या वोलवो बस में सीट सेलेक्शन का ऑप्शन था लेकिन ये ट्रांसपोर्टर इसके लिए अलग से कोई फीस नहीं चार्ज करते हैं। लेकिन एयर इंडिया के इस नए फॉर्मूले को अन्य एयरलाइन भी अपना सकती हैं। इससे हवाई यात्रा और महंगी होने की आशंका है।विंडो सीट की फीस न्यूनतम 100 रुपए पहले सभी एयरलाइन सिर्फ आगे या किसी विशेष सीट के लिए अलग से फीस चार्ज करती थीं। लेकिन अब एयर इंडिया में हरेक पंक्ति में सीट सेलेक्शन पर फीस लगेगी। घरेलू उड़ान सेवा में मध्य पंक्ति (मिडल रो) में विंडो सीट बुक कराने पर एयरइंडिया न्यूनतम 100 रुपए फीस लेगी जबकि एसल सीट के लिए 200 रुपए न्यूनतम फीस रखी गई है। वहीं अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में ज्यादातर रूटों पर सीट सेलेक्शन की फीस 200 रुपए है। इमरजेंसी एक्जिट रो सीट की फीस 240 रुपए से शुरू है और बढ़कर 1500 रुपए तक होगी। अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट में भी लगेगा चार्ज विदेश से भारत की यात्रा के समय सीट सेलेक्शन की फीस वहां की मुद्रा पर निर्भर करेगी। मसलन अगर कोई अमेरिका से



भारत आने के लिए एयरइंडिया का टिकट खरीदता है तो उसे मध्य पंक्ति में बैठने के लिए तीन डॉलर (लगभग 200 रुपए) फीस देनी होगी जबकि इमरजेंसी एक्जिट रो सीट के लिए यह फीस बढ़कर 50 डॉलर (करीब 3300 रुपए) हो जाएगी। वहीं विंडो या एसल सीट के लिए यह फीस 15 डॉलर होगी।

100 बिलियन डॉलर वाली पहली भारतीय कंपनी बनी TCS

आईटी कंपनी टीसीएस के शेयरों में 2 प्रतिशत का उछाल आया और इसी के साथ कंपनी का बाजार मूल्य 100 बिलियन डॉलर (100 अरब डॉलर) के पार हो गया। इस ऊंचाई पर पहुंचने वाली टीसीएस पहली भारतीय कंपनी बन गई है। शुक्रवार के बाद सोमवार को भी टीसीएस के शेयरों में तेजी देखी गई और यह 3476175 रुपये पर पहुंच गया। इसके साथ ही कंपनी का बाजार मूल्य 6,64,918 करोड़ रुपये हो गया।

साक्षी के साथ दिखाई दिया धोनी का ये बेस्ट फ्रेंड

रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला गया आईपीएल-11 का मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। पहले बल्लेबाजी कर रही चेन्नई सुपर किंग्स को वॉटसन के रूप में शुरुआती झटका लगा जब भुवनेश्वर कुमार ने उन्हें चलता कर दिया। उसके कुछ ही देर बाद फ़ाफ डूप्लेसिस भी आउट हो गए। अम्बाती रायडू और सुरेश रैना ने भी अपने हाथ खोलने शुरू किए। अम्बाती ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और 37 गेंदों में 79 रन बनाकर आउट हुए। रैना ने भी चोट के बाद वापसी करते हुए दूसरे मैच में फिफ्टी जड़कर टीम को एक बड़े स्कोर तक ले गए। वहीं सुरेश रैना को ष्ठस्थ के कप्तान का समर्थन भी मिलता रहा है। सुरेश रैना और महेंद्र सिंह धोनी दोनों लंबे समय से साथ खेल रहे हैं। दोनों ही छोटे शहरों से आते हैं और 2005 से एक साथ खेल रहे हैं। सुरेश रैना ने एक फोटो भी शेयर की जिसमें वो धोनी की पत्नी साक्षी के साथ दिखाई दे रहे हैं। बता दें कि सुरेश रैना धोनी के फैमिली फ्रेंड हैं।

आईसीसी ने पूछा मिताली राज क्या कभी किसी सट्टेबाज ने मैच फिक्स के लिए संपर्क किया

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज से आईसीसी की पांच दिवसीय बैठक के दौरान पूछा गया कि क्या उनसे कभी किसी सट्टेबाज ने मैच फिक्स करने के लिए संपर्क किया था।मिताली आईसीसी बैठक के लिए विशेष आमंत्रण पर यहां आई थीं। बैठक में महिला क्रिकेट पर भी चर्चा हुई। आईसीसी के एक अधिकारी ने कहा, 'वह कुछ समय के लिए बैठक में आई थी। उनसे पूछा गया कि क्या कभी उनसे मैच फिक्सिंग के लिए संपर्क किया गया। उन्होंने कहा कि अब तक नहीं।'पीटीआई के मुताबिक अब जबकि अंडर -19 और महिला मैचों का अधिक से अधिक प्रसारण किया जा रहा है।

इस बांग्लादेशी महिला क्रिकेटर को मिल सकती है आजीवन कारावास की सजा

बांग्लादेश की शीर्ष महिला क्रिकेटरों में से एक को 14,000 मिथामफेटामाइन की गोलियों के साथ पकड़ा गया, जिससे उन्हें आजीवन कारावास की सजा भुगतनी पड़ सकती है।पुलिस ने इस बात की जानकारी देते हुए बताया कि नजरीन खान मुक्ता ढाका प्रीमियर लीग में प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलती हैं। वह कावस्स बाजार में मैच खेलकर लौट रही थी, तब पुलिस ने उन्हें रोक दिया और चटगांव में टीम की बस की तलाशी ली।स्थानीय पुलिस प्रमुख प्रणब चौधरी ने एएफपी से कहा कि हमारी तलाशी में 14,000 याबा गोलियां (मिथामफेटामाइन की गोलियों का स्थानीय नाम) निकलीं जिन्हें पैकेट में रखा गया था।चौधरी ने कहा कि इस खिलाड़ी पर मादक पदार्थों की तस्करी का आरोप तय किया जाएगा और इस अपराध में अधिकतम सजा आजीवन कारावास है।

भारत व पाकिस्तान में खिलाडियों का संघ नहीं होने से ICC चिंतित

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत और पाकिस्तान में खिलाडियों का संघ नहीं होने पर अपनी चिंता जताई है। आईसीसी ने यहां पांच दिवसीय बैठक के पहले दिन रविवार को इस पर चर्चा की। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर्स एसोसिएशन फेडरेशन (फीका) के एक अधिकारी ने कहा कि भारत और पाकिस्तान में प्लेयर्स एसोसिएशन नहीं है जो कि मान्यता प्राप्त हो। लोढ़ा समिति में इसके बारे में पहले ही जिक्र किया जा चुका है।निश्चित रूप से यह एक बहुत बड़ी चिंता है। लोढ़ा समिति की सिफारिशों में क्रिकेट खिलाडियों के संघ (सीपीए) के गठन की भी एक सिफारिश है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का संचालन देख रही प्रशासकों की समिति (सीओए) ने क्रिकेट खिलाडियों के संघ का गठन करने को लेकर एक कार्यकारी समूह गठित करने का फैसला किया है। इस समूह में पूर्व कप्तान कपिल देव, अंशुमान गायकवाड, भरत रेड्डी और महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान शांता रंगास्वामी शामिल हैं। आईसीसी बैठक में विश्व कप में और अधिक एसोसिएट टीमों को समायोजित करने के मुद्दे पर भी चर्चा करेगी। आईसीसी ने 2015 में विश्व के लिए टीमों की संख्या को 14 से 10 कर दिया था जिसका मतलब क्वालीफायर्स में केवल दो ही स्थान खाली थे, जिसे वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान ने हासिल कर लिया। टीमों की संख्या पर आईसीसी के फैसले की आलोचना हुई थी।

एक बार फिर से पाकिस्तानी क्रिकेटर का घिनौना चेहरा सामने आया है।

एक बार फिर से पाकिस्तानी क्रिकेटर का घिनौना चेहरा सामने आया है। पाकिस्तानी क्रिकेटर हसन अली ने वाघा बार्डर पर आपत्तिजनक हरकत की है। जिस समय परेड चल रहा था, उस समय पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हसन बार्डर के पास आकर उन्होंने उकसावे वाली भाव भंगिमाएं दिखाई। हालांकि, भारत ने इस हरकत पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। वाघा बार्डर पर रोज परेड और सलामी के बाद दोनों देशों के झंडे के उतारने का कार्यक्रम होता है। शनिवार को जब ये चल रहा था तो हसन अली आगे बड़े और कीरो लाइन के पास जाकर उन्होंने आपत्तिजनक और भड़काऊ हरकत की और फिर लौट गए। इस पूरे वाकये में हैरान करने वाली बात है कि कि पाकिस्तान की ओर से क्रिकेटर भड़काऊ, उकसावे वाली हरकत कर रहे थे, मगर पाकिस्तानी सेना ने उन्हें रोकना तक मुनासिब नहीं समझा। हालांकि क्रिकेट के जानकार इसे हसन अली का वो विक्टरी स्टेप बता रहे हैं जो वो कोई विकेट चटखाने के बाद करते हैं।लेकिन सवाल है।

युवराज सिंह ने बताया कि वह 2019 के बाद संन्यास पर फैसला करेंगे

भारतीय टीम के सितारे युवराज सिंह ने अपने संन्यास के बारे में बड़ी बात कही है। हालांकि उन्होंने ये नहीं बताया कि वह कब और किस दिन संन्यास लेंगे। उन्होंने कहा है कि 2019 के बाद इस पर फैसला करेंगे। एएनआई के मुताबिक उन्होंने कहा, मैं उस साल के आखिर में फैसला करूंगा। हर किसी को कभी न कभी यह फैसला लेना पड़ता है। मैं साल 2000 से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहा हूं। करीब 17-18 साल हो गए हैं। इसलिए मैं अब 2019 के आखिरी में जरूर फैसला करूंगा।'युवराज सिंह का संन्यास क्रिकेट प्रेमियों के लिए निश्चित तौर पर एक बड़ा झटका होगा। अपने पहले में 84 रनों की पारी खेल कर आस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत दिलाने वाले इस क्रिकेट स्टार का सफर बहुत ही शानदार रहा है। युवराज सिंह जिस दौर में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला था उस समय भारतीय क्रिकेट टीम बहुत ही बुरे दौर से गुजर रही थी उसके कई खिलाड़ियों पर मैच फिक्सिंग का आरोप लगा था और पूरी टीम बिखर चुकी थी। सौरव गांगुली को नए कप्तान बनाए गए थे और युवराज सिंह को उन्हीं का खोज माना जाता है। युवराज सिंह ने अपने पहले मैच में ग्लेन मैकग्राथ जैसे खतरनाक बॉलर का सामना किया और एक शानदार पारी खेली थी। आस्ट्रेलिया की टीम उस समय अपने चरम पर थी। इसके बाद उन्होंने कई मैचों में अपने बल्ले के दम पर टीम इंडिया को जीत दिलाई। 2007 के टी-20 विश्वकप में इंग्लैंड के खिलाफ 6 गेंदों में 6 छक्के लगाकर विश्व क्रिकेट में तहलका मचा दिया था। इसी टूर्नामेंट में उन्होंने आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की भी जमकर धुनाई कर डाली थी।

छोटे कारोबारियों को रेलवे का बटा झटका

रेलवे छोटे कारोबारियों को बड़ा झटका दे सकता है। अब तक टेंडर में हिस?सा लेने पर ईएमडी (अर्नेस्ट मनी डिपोजिट) में मिलने वाली छूट को खत्म किया जा सकता है। रेलवे के जनरल कंडीशन ऑफ कॉन्ट्रेक्ट (जीसीसी) के रिवाइज्ड ड्राफ्ट में यह प्रावधान किया गया है।क्या है प्रावधान जीसीसी में अब तक प्रावधान है कि सर्विस कॉन्ट्रेक्ट में माइक्रो एंड स?मॉल एंटरप्राइजेज, जो डिस्ट्रिक्ट इंडस्ट्री सेंटर, खादी एवं विलेज इंडस्ट्री कमीशन, खादी एवं विलेज इंडस्ट्रीज बोर्ड, कॉयर बोर्ड, नेशनल इंडस्ट्री कॉरपोरेशन, डायरेक्टर ऑफ हैंडिक्राफ्ट एंड हैंडलूम या मिनिस्ट्री ऑफ एमएसएमई से रजिस्टर्ड हैं को मिनिमम ईएमडी के पेमेंट पर छूट दी जाएगी। क्या हो रहा है अमेडमेंट रेलवे द्वारा जारी अमेंडमेंट ड्राफ्ट में इस प्रावधान को हटा दिया गया है। इसका आशय है कि अब यह प्रावधान हटाया जा रहा है।स्टार्ट अप्स को शामिल किया रेलवे ने ड्राफ्ट में डिपार्टमेंट ऑफ इंडस्ट्रियल ऑफ इंडस्ट्रियल पॉलिसी एंड प्रमोशन (डीआईपीपी) से रजिस्टर्ड स्टार्टअप्स को अर्नेस्ट मनी डिपोजिट में छूट दी जाएगी।कितनी देनी होती है ईएमडी 1 करोड़ रुपए के वर्क टेंडर पर अनुमानित लागत का 2 फीसदी अर्नेस्ट मनी डिपोजिट करनी होती है। 1 करोड़ से अधिक वेल्यू के वर्क टेंडर पर दो लाख रुपए के अलावा 1 करोड़ रुपए की लागत से अधिक की राशि पर आधा फीसदी अर्नेस्ट मनी डिपोजिट करनी होती है।क्या है एमएसई कैटेगिरी एमएसई यानी माइक्रो एंड स्मॉल एंटरप्राइजेज की नई कैटेगिरी के मुताबिक माइक्रो एंटरप्राइजेज उन यूनिट को कहा जाता है, जिनकी सालाना टर्नओवर पांच करोड़ रुपए से अधिक नहीं हो, जबकि स्मॉल एंटरप्राइजेज उन यूनिट को कहा जाता है, जिनकी सालाना टर्नओवर 5 करोड़ रुपए से अधिक हो, लेकिन 75 करोड़ रुपए से कम हो।ऑनलाइन खुलेगा टेंडर इंडियन रेलवे के स्टैंडर्ड ऑफ जनरल कंडीशन्स ऑफ टेंडर के ड्राफ्ट में यह प्रावधान किया गया है कि अब टेंडर ऑनलाइन खोला जाएगा। अभी ऑनलाइन टेंडर अप्लाई तो किया जा सकता है, लेकिन टेंडर ऑनलाइन खोला नहीं जाता।संगठनों ने जताई नाराजगी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन, फरीदाबाद के महासचिव रमणीक प्रभाकर ने कहा कि मोदी सरकार ने छोटे कारोबारियों को सरकारी कंपनियों (पीएसयू) से जोड़ने के लिए कई अच्छे कदम उठाए हैं, लेकिन यदि रेलवे छोटे कारोबारियों को मिल रही छूट वापस लेगा तो इससे कारोबारियों को निराशा होगी। उन्होंने कहा कि उनके संगठन की ओर से इस प्रावधान का विरोध किया जाएगा।